JB4SP6

# अध्याय 14 क्षेत्रफल

आज कक्षा तीन के सभी बच्चे माचिस की एक–एक खाली डिब्बी लेकर आए हैं। किसी के समझ में नहीं आ रहा था कि शिक्षक ने खाली डिब्बियाँ क्यों मंगवाई हैं। शिक्षक कक्षा में आए। उन्होंने माचिस की खाली डिब्बियाँ जमा कराई। उन्होंने हिन्दी की किताब की सतह पर इन डिब्बियों को बच्चों से इस तरह जमवाया कि किताब की सतह पूरी तरह ढँक गई। फिर बच्चों से चर्चा की –

कितनी डिब्बियाँ जमी? ....................

क्या किताब की सतह पर खाली जगह बची?

यानी किताब की सतह = .................... डिब्बियों की सतह



## चूड़ियों से माप

तुम लोगों ने किताब पर माचिस की डिब्बियाँ जमा कर देखी हैं। अब अपनी किताब की सतह पर चूड़ियाँ जमाओ।

- कितनी चूड़ियाँ जमीं?
- क्या चूड़ियों से किताब की सतह पूरी तरह ढक गई?
- क्या माचिस जमाने पर भी किताब की सतह पर बीच–बीच में खाली स्थान बचा था?




इस पन्ने पर नीचे दिए गए बॉक्स को पुस्तक से अलग करो। इसके पीछे मोटा कागज चिपकाओ। सभी चौकोन खानों को काटकर अलग कर लो। अपने साथियों के टुकड़े भी मिला लो। अब अपनी गणित की किताब के ऊपर बड़े टुकड़ों को क्रम से जमाओ। पूरी सतह भर लो। कितने टुकड़े जमे ?

किताब की सतह = ........................ टुकड़ों की सतह

यही काम अब छोटे टुकड़ों को जमाकर करो।

यदि बड़े टुकड़े जमाने पर किताब में थोड़ी जगह बच जाती हो तो वहाँ छोटे टुकड़े जमा सकते हो।



JBDNQT

